मैं बात को घुमाना नहीं चाहता। हमारी फील्डिंग और गेंदबाजी ने हमें मैच हराया। इस विकेट पर 210 रन 30 रन ज्यादा थे, क्योंकि गेंद सीम हो रही थी और बाउंस भी अनियमित था।

- श्रेयस अय्यर

पंजाब किंग्स के कप्तान, अपनी टीम की हार को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

अक्षर पटेल

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग का यह मुकाबला 11 मई 2026 को धर्मशाला स्थित हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला गया था, जिसमें दिल्ली ने रोमांचक अंदाज में 3 विकेट से जीत दर्ज की थी। आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत न्यूनतम ओवर गति से संबंधित नियमों के उल्लंघन पर यह कार्रवाई की गई। चूंकि यह दिल्ली कैपिटल्स का इस सीजन पहला ओवर-रेट अपराध था।

क्या आप जानते हैं ?... सुनील छेत्री ने 115 मैच खेले हैं, जबकि भाईचुंग भूटिया ने 107 मैच खेले हैं। सुनील छेत्री ने 90 से अधिक अंतरराष्ट्रीय गोल किए हैं, जो सक्रिय खिलाड़ियों में तीसरे सबसे ज्यादा हैं।

गुजरात ने हैदराबाद को 82 रनों से हराया, अंकतालिका में बनी नं. 1

सुदर्शन-सुंदर के अर्धशतक, रबाडा और होल्डर को तीन-तीन विकेट

अहमदाबाद, 12 मई। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 56वें मैच में गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 82 रनों से हरा दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। गुजरात टाइटंस ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 168 रन बनाए। साई सुदर्शन और वाशिंगटन सुंदर ने अर्धशतक जड़े। 169 रनों के लक्ष्य के जवाब में सनराइजर्स हैदराबाद 100 रन भी नहीं बना पाई। वह 14.5 ओवर में 86 रन पर आउट हो गई। गुजरात टाइटंस ने लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। 16 अंक के साथ वह अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंची। गुजरात टाइटंस के लिए साई सुदर्शन ने 44 गेंद पर 61 रन बनाए। वाशिंगटन सुंदर ने 33 गेंद पर 55 रन बनाए। निशांत सिंधु ने 22 रन बनाए। जेसन होल्डर 11 और राहुल तेवतिया 4 रन बनाकर नाबाद रहे। शुभमन गिल 5 और जोस बटलर 7 रन बनाकर क्रीज पर। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए प्रफुल हिंगे और साकिब हुसैन ने 2-2 विकेट लिए। पैट कमिंस ने 1 विकेट लिया। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए सबसे ज्यादा पैट कमिंस ने 19 रन बनाए। सलिल अरोड़ा ने 16, हेनरिक क्लासेन ने 16 और इशान किशन ने 11 रन बनाए। स्मरण रविचंद्रन ने 9, अभिषेक शर्मा ने 6, शिवांग कुमार ने 4 और प्रफुल हिंगे ने 3 और ट्रेविस हेड खाता नहीं खोल पाए। ईशान मलिंगा बगैर खाता खोले नाबाद रहे। गुजरात टाइटंस के लिए कगिसो रबाडा और जेसन होल्डर ने 3-3 विकेट लिए। प्रसिद्ध कृष्णा ने 2 विकेट लिए। मोहम्मद सिराज और राशिद खान ने 1-1 विकेट लिए। सनराइजर्स हैदरबाद की प्लेइंग 11 में कोई बदलाव नहीं है। गुजरात टाइटंस की प्लेइंग 11 में भी कोई बदलाव नहीं हुआ।

थाईलैंड ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंची सात्विक-चिराग की जोड़ी

नई दिल्ली, 12 मई। भारतीय बैडमिंटन स्टार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने थाईलैंड ओपन 2026 के पुरुष युगल वर्ग में शानदार शुरुआत करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को खेले गए पहले दौर के मुकाबले में इंडोनेशिया के मुह पुत्रा एरवियांस्याह और बागस मौलाना की जोड़ी को कड़े संघर्ष में 21-19, 21-23, 21-10 से हराया। यह मुकाबला एक घंटे और चार मिनट तक चला। पहला गेम बेहद रोमांचक रहा, जिसमें सात्विक और चिराग ने 21-19 से जीत दर्ज की। दूसरे गेम में इंडोनेशियाई जोड़ी ने वापसी करते हुए 23-21 से मुकाबला अपने नाम किया। हालांकि निर्णायक गेम में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और 21-10 से एकतरफा जीत हासिल कर मैच अपने नाम कर लिया। अब प्री-क्वार्टर फाइनल में सात्विक-चिराग की भिड़ंत मलेशिया के ब्रायन जेरेमी गूंटिंग और मुहम्मद हैकाल की जोड़ी से होगी।

जयपुर ब्लूज क्लब ने मैत्री क्लब को हराया

जयपुर, 12 मई। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग में आज खेले गए पूल बी के मैच में जयपुर ब्लूज क्लब ने मैत्री क्लब को 47 रनो से हराया। जी आर ग्राउंड पर जयपुर ब्लूज क्लब ने टॉस जीतकर पहले आलोक गुर्जर के 25 रन, लखन भारती के 18 रन, राहुल चौधरी के 31 रन, यथार्थ भारद्वाज के 81 रन, आर्यन सैनी के 26 रन व योगेंद्र काकोड़िया के 14 रन से 41.1 ओवर में 210 रन बनाकर आउट हो गई। मैत्री क्लब के लिए नीतिराज सिंह ने 32 पर 3, अमन खिलजी ने 27 पर 2, अनस मंसूरी ने 42 पर 2, हसन खान, आयुष अमेरियां व मनीष ने एक-एक विकेट लिया। जवाबी पारी में मैत्री क्लब की टीम रामदीप भार्गव के 28 रन, आयुष आमेरिया के 22 रन, अमन खिलजी के 37 रन, मनीष के 12 रन से 40.4 ओवर में 163 रन बनाकर आउट हो गई। जयपुर ब्लूज क्लब के लिए देव ऋषि रिजवानिया ने 24 पर 4, प्रतीक चौधरी ने 26 पर 3, राहुल चौधरी व योगेंद्र ने एक - एक विकेट लिया।

धर्मशाला पहुंची मुंबई इंडियंस की टीम

धर्मशाला, 12 मई । एचपीसीए के धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में 14 मई को पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियन्स के बीच होने वाले मुकाबले के लिए मेहमान टीम मंगलवार को मैक्लोडगंज धर्मकोट के हयात रिजेंसी होटल पहुंच गई।

एसएमआर अकादमी जीती

जयपुर, 12 मई। अंडर-16 समर कप में एसएमआरक्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 210 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाएं। कृष चौधरी ने 65, वीर ने 36 और आरुष चौधरी ने 22 रन का योगदान दिया। आर्यन स्पोर्ट्स क्रिकेट अकादमी की ओर से विहान अग्रवाल और गौरव प्रजापत ने 2-2 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आर्यन स्पोर्ट्स क्रिकेट अकादमी 34 ओवर में 145 रन पर ऑल आउट हो गई। मयंक शर्मा ने सर्वाधिक 42 रनों का योगदान दिया। एसएम आरक्रिकेट अकादमी की ओर से आयुष शर्मा ने 3, तेजस जोशी और आरुष चौधरी ने 2-2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच कृष चौधरी को चुना गया।

आरडी एकेडमी ने अनंतम एकेडमी को हराया

जयपुर, 12 मई। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय यूथ कप अंडर 17 में आज खेले गए मैच में आर डी एकेडमी ने अनंतम एकेडमी को 56 रनो से हराया। अनंतम ग्राउंड पर आर डी एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रुद्र प्रताप सिंह के 27 रन, अमन तिरुपानी के 27 रन, मोहित शर्मा के 23 रन व जितेन गौतम के 14 रनो से 36.1 ओवर में 157 रन बनाए।अनंतम एकेडमी के लिए गर्व शर्मा ने 25 पर 2, हर्ष परवानी ने 20 पर 2, जवाबी पारी मे अरनिम भारद्वाज, अंश शर्मा, चिरायु व कर्णव कोठारी ने एक - एक विकेट लिया। जवाबी पारी में अनंतम एकेडमी की टीमहर्ष परवानी के 34 रन, गौरव शांतिवाल के 42 रन से25.5 ओवर में 101 रनो पर सिमट गई। आर डी एकेडमी के लिए अमन तिरुपानी ने 19 पर 6, हिमांक सैनी ने 28 पर 3 व लव्या गुप्ता ने 24 पर एक विकेट लिया।

आईपीएल 2026 : मैं खुद को 100 प्रतिशत गेंदबाज और 100 प्रतिशत बल्लेबाज मानता हूं : माधव तिवारी

धर्मशाला, 12 मई । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)2026 में सोमवार को धर्मशाला में खेले गए हाईस्कोरिंग मुकाबले में युवा ऑलराउंडर माधव तिवारी ने अपने हरफनमौला प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींच लिया। आईपीएल 2026 में अपना पहला पूरा मुकाबला खेल रहे 22 वर्षीय माधव ने गेंद और बल्ले दोनों से शानदार योगदान देकर दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ 3 विकेट से रोमांचक जीत दिलाई। शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 210 रन बनाए। टीम की ओर से प्रियांश आर्य ने 33 गेंदों पर 56 रनों की विस्फोटक पारी खेली। हालांकि दिल्ली के युवा गेंदबाज माधव तिवारी ने उन्हें आउट कर पंजाब को बड़ा झटका दिया। माधव ने अपने 4 ओवर में 40 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। उन्होंने कूपर कोनोली को भी धीमी बाउंसर पर पवेलियन भेजा। मैच के बाद माधव तिवारी ने कहा, सबसे पहले मैं टीम मैनेजमेंट को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे मौका दिया। अगर चीजें आपके हाथ में नहीं होतीं तो आपको हर प्रैक्टिस सेशन में खुद को बेहतर बनाना पड़ता है। मैंने गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल सर के साथ अपनी गेंदबाजी पर काफी काम किया।

डब्ल्यूएफआई से विवाद के बीच विनेश फोगाट के समर्थन में उतरी साक्षी मलिक

नई दिल्ली, 12 मई । भारतीय ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने मंगलवार को साथी पहलवान विनेश फोगाट के समर्थन में आकर भारतीय कुश्ती महासंघ और सरकार से आग्रह किया कि तीन बार की ओलंपियन को गोंडा में सीनियर ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट 2026 के ट्रायल में भाग लेने और अपनी वापसी की कोशिश जारी रखने की अनुमति दी जाए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश में साक्षी ने कहा कि नियम ऐसे होने चाहिए जो महिला खिलाड़ियों को मातृत्व के बाद प्रतिस्पर्धी खेलों में वापसी के लिए प्रोत्साहित करें, न कि उनके खिलाफ बाधाएं खड़ी करें।

साक्षी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से मीडिया विनेश के ट्रायल्स पर मेरी राय जानना चाहता है। मैं पिछले दो-तीन दिनों से इस बारे में सोच रही हूं क्योंकि विनेश एक पार्टी की सदस्य हैं और मेरा किसी भी पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं ऐसे कई उदाहरण दे सकती हूं जहां अन्य देशों के खेल संघ अपने खिलाड़ियों के लिए नियम आसान बनाते हैं ताकि मां बनने के बाद भी महिलाएं देश के लिए खेल सकें और पदक जीत सकें।

आरसीए ने पूर्व कन्वीनर को 24 लाख जमा कराने का नोटिस भेजा था

नोटिस पूरी तरह से झूठा, दुर्भावनापूर्ण एवं मेरी छवि खराब करने का एक सुनियोजित प्रयास : कुमावत

जयपुर, 12 मई। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) की एडहॉक कमेटी ने पूर्व कन्वीनर दीन दयाल कुमावत को 24 लाख रुपये की रिकवरी के लिए नोटिस जारी किया है। यह नोटिस आरसीए की ओर से 11 मई 2026 को जारी किया गया, जिसमें कुमावत पर संस्था के फंड के कथित अनधिकृत उपयोग का आरोप लगाया गया है।

एडहॉक कमेटी ने दावा किया है कि आरसीए के खातों और वित्तीय रिकॉर्ड की समीक्षा के दौरान यह सामने आया कि दीन दयाल कुमावत ने कन्वीनर पद पर रहते हुए 24 लाख रुपये विभिन्न अधिवक्ताओं को कानूनी शुल्क के रूप में भुगतान किए. यह भुगतान सवाई माधोपुर जिला क्रिकेट संघ (डीसीए) से जुड़े कानूनी मामलों में किया गया था।

आरसीए की एडहॉक कमेटी का कहना है कि किसी जिला क्रिकेट संघ से संबंधित विवाद या मुकदमेबाजी का खर्च वहन करना आरसीए की जिम्मेदारी नहीं है। समिति ने इन भुगतानों को अनधिकृत मानते हुए पूरी राशि कुमावत से व्यक्तिगत रूप से वसूलने का निर्णय लिया है। नोटिस में कहा गया है कि यह राशि आरसीए के खातों में उनके नाम पर डेबिट की जाएगी। नोटिस में यह भी उल्लेख किया गया है कि कुमावत का यह कदम प्रथम दृष्टया उनके पद के दुरुपयोग और आरसीए के धन के ऐसे उपयोग को दर्शाता है, जो संस्था के उद्देश्यों और गतिविधियों से संबंधित नहीं है।

एडहॉक कमेटी ने दीन दयाल कुमावत को नोटिस प्राप्त होने की तारीख से सात दिनों के भीतर 24 लाख रुपये जमा करने का निर्देश दिया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं होने पर आरसीए उनके खिलाफ कानूनी और अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करेगी। इसके अलावा डीसीए सवाई माधोपुर के खिलाफ भी आवश्यक कार्रवाई की जा सकती है। आरसीए ने स्पष्ट किया कि संस्था के फंड का उपयोग केवल क्रिकेट गतिविधियों के संचालन, प्रशासन और खेल के विकास के लिए किया जाना चाहिए।

वहीं, मामले को लेकर डीडी कुमावत का कहना है कि मेरे विरुद्ध राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जारी किया गया 24 लाख रुपये की रिकवरी का नोटिस पूरी तरह से झूठा, दुर्भावनापूर्ण एवं मेरी छवि खराब करने का एक सुनियोजित प्रयास है। मेरे 9 माह के कार्यकाल के दौरान मैंने आरसीए के हित में पूरी ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ कार्य किया।

जिन कानूनी भुगतानों को आज मुद्दा बनाया जा रहा है, वे सभी भुगतान आरसीए एवं कन्वीनर के पद से जुड़े मामलों में किए गए थे. ये कोई व्यक्तिगत खर्च नहीं थे. यह भी महत्वपूर्ण तथ्य है कि मेरे 9 माह के कार्यकाल के दौरान अनेक अवैध समिति बैठकों में मेरी अनुपस्थिति में कई अवैध निर्णय लिए गए, जिनमें समिति के कई सदस्य शामिल थे, लेकिन उस समय किसी ने भी मेरे विरुद्ध कोई प्रश्न नहीं उठाया। यदि उस समय सब कुछ समिति की जानकारी एवं सहमति से चल रहा था, तो आज केवल मुझे निशाना बनाना पूरी तरह दुर्भावनापूर्ण है।

भुगतानों की जानकारी सदस्यों को थी : कुमावत का कहना है कि सभी बैंक भुगतान अधिकृत प्रक्रिया के तहत किए गए थे। बैंकिंग लेन-देन में आशीष तिवारी एवं पिंकेश जैन पोरवाल हस्ताक्षर प्राधिकारी थे दो चेक आशीष तिवारी द्वारा तथा तीन चेक पिंकेश जैन पोरवाल द्वारा हस्ताक्षिरत किए गए थे। इतना ही नहीं, सभी महत्वपूर्ण निर्णयों एवं भुगतानों की जानकारी मौखिक रूप से समिति के सभी प्रमुख सदस्यों, जिनमें मोहित यादव एवं धनंजय सिंह को लगातार दी जाती रही थी।

यदि आरसीए को आज यह भुगतान अवैध प्रतीत होते हैं, तो उस समय के हस्ताक्षर प्राधिकारी पिंकेश जैन पोरवाल एवं आशीष तिवारी को भी नोटिस जारी किया जाना चाहिए। साथ ही धनंजय सिंह एवं मोहित यादव को भी इस मामले में पक्षकार बनाया जाना चाहिए, क्योंकि उन्हें सभी भुगतानों एवं निर्णयों की जानकारी लगातार मौखिक रूप से दी जाती रही थी।

कुमावत ने यह भी कहा कि मेरे कार्यकाल के दौरान धनंजय सिंह, अरिशिष्ट सिंघवी एवं संपूर्ण जोधपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन पर कार्रवाई एवं निलंबन किया गया था। आज वही लोग और उनके समर्थक बदले की भावना से कार्य कर रहे हैं, तथा वर्तमान समिति पर दबाव बनाकर मुझे प्रताड़ित करने का प्रयास कर रहे हैं।

यहां यह तथ्य भी जानकारी में आना आवश्यक है कि उच्च न्यायालय में एक अनाधिकृत लोगों द्वारा याचिका रजिस्ट्रार सहकारी समिति, जयपुर के विरुद्ध लगाई गई थी, जिसमें मुख्य पक्ष आरसीए एडहॉक कमेटी को बनाया गया था। डीसीए सवाई माधोपुर तो मुख्य याचिका में पक्षकार ही नहीं तो किया गया भुगतान डीसीए सवाई माधोपुर का कैसे माना जा सकता है? यदि मेरे विरुद्ध इस प्रकार के झूठे एवं मानहानिकारक आरोप लगाए जाते रहे, तो मैं संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर एवं मानहानि की कानूनी कार्यवाही करने के लिए बाध्य हो जाऊंगा।

कुमावत ने कहा कि मैं यह भी स्पष्ट करना चाहता हूँ कि अपने पूरे कार्यकाल में मैंने आरसीए से व्यक्तिगत उपयोग हेतु एक भी रुपया नहीं लिया और न ही कोई टीए-डीए लिया, जबकि मैं कानूनी रूप से उसका अधिकारी था। यह पूरा मामला मुझे दबाव में लेने, मेरी प्रतिष्ठा धूमिल करने एवं जनता को भ्रमित करने का प्रयास है। मैं इस प्रकार की राजनीति और चरित्र हनन को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करूँगा।

कार्यालय नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा जिला कोटपूतली-बहरोड

क्रमांक : न.पा.पा.प्रा. / निर्माण / 2026-27 / 131 दिनांक : 07.05.2026

ई-निविदा सूचना संख्या (20/2026-27)

(NIB NUMBER- DLB2627A1469)

एतदद्वारा यह है कि राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध हैं एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में आकर देखी जा सकती है।

निविदा के कुल कार्य - 30

यूबीएन नम्बर 1 से 30

DLB2627WSRC03996	DLB2627WSRC04018	DLB2627WSRC04022
DLB2627WSRC04025	DLB2627WSRC04028	DLB2627WSRC04032
DLB2627WSRC04035	DLB2627WSRC04036	DLB2627WSRC04040
DLB2627WSRC04042	DLB2627WSRC04045	DLB2627WSRC04046
DLB2627WSRC04050	DLB2627WSRC04053	DLB2627WSRC04054
DLB2627WSRC04056	DLB2627WSRC04057	DLB2627WSRC04059
DLB2627WSRC04060	DLB2627WSRC04061	DLB2627WSRC04064
DLB2627WSRC04067	DLB2627WSRC04068	DLB2627WSRC04069
DLB2627WSRC04071	DLB2627WSRC04072	DLB2627WSRC04073
DLB2627WSRC04074	DLB2627WSRC04075	DLB2627WSRC04076

राज.संवाद / सी / 26 / 2568 अधिशाषी अधिकारी

हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय

HARIDEV JOSHI UNIVERSITY OF JOURNALISM AND MASS COMMUNICATION

क्रमांक : प.5(21)एचजेयू / जीएडी / निविदा / 381 दिनांक : 12.05.2026

बोली आमंत्रण सूचना

हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय, दहमीकलां, बगरू, जयपुर की ओर से, पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता संस्था / एजेन्सी / संवेदक से विश्वविद्यालय के निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली बोली आमंत्रित की जाती है :

क्र. सं.	कार्य की प्रकृति	NIB एवं UBN No.	अनुमानित लागत (राशि रू.)	डाउनलोड प्रारंभ तिथि
1	मशीन विद्मैन (कम्प्यूटर मय ऑपरेटर- उच्च कुशल) एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (अकुशल) कार्य हेतु	NIB No. : HJU2627A0003 UBN No. : HJU2627SLOB00003	21.50 लाख	11.05.2026
2	सफाई कार्य हेतु	NIB No. : HJU2627A0002 UBN No. : HJU2627SLOB00002	15.00 लाख	11.05.2026
3	बागवानी कार्य हेतु	NIB No. : HJU2627A0004 UBN No. : HJU2627SSOB00004	6.10 लाख	12.05.2026

उपरोक्त क्र.संख्या 01 व 02, में ई-निविदाएं एवं क्रम संख्या 03 में निर्धारित प्रपत्र में मोहर बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। बोली से संबंधित विवरण / शर्तें वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं विश्वविद्यालय की वेबसाईट https://www.hju.ac.in अथवा कार्यालय समय पर कार्यालय में देखी जा सकती है।

राज.संवाद / सी / 26 / 2626 कुलसचिव

कार्यालय नगर निगम, भरतपुर

क्रमांक :- न.नि.भ. / विधुत / 2026-27 / 172 दिनांक :- 06.05.2026

निविदा आमंत्रण सूचना

नगर निगम, भरतपुर द्वारा विद्युत सम्बन्धित 2 कार्य कराये जाने हेतु सम्बंधी कार्य हेतु EWSD श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 10.05.2026 से दिनांक 20.05.2026 समय 6:00 पी.एम. बजे निविदा तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की महत्वपूर्ण शर्ते एवं विवरण वेसाईट (http:/eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) पर देखे जा सकते हैं।

UBN No. 1. DLB2627WSOB04192 2. DLB2627WSOB04192

अधिशाषी अभियंता (विधुत) नगर निगम, भरतपुर

राज.संवाद / सी / 26 / 2540

कार्यालय अधीक्षण अभियंता जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग, कोटा

पताः- प्रथम तल जिला परिषद भवन सीएडी कोटा, पिन कोड 324009

ई-मेल-SEWDSC.KOTA@RAJASTHAN.GOV.IN

क्रमांकः लेखा / 2026-27/376 दिनांक : - 08/05/26

NOTICE INVITING BID

NIB No 04 YEAR 2026-27

Bids for NRM Works, estimated value INR 103.12 Lacs are invited from interested bidders up to 6.00 PM, 21.05.2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state.

NIB NO.-WSC2627A0198 UBN NO.-WSC2627WSOB00323

(उमेश चन्द्र गुप्ता) अधीक्षण अभियन्ता जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग कोटा

DIPR/C/8217/2026

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, P.W.D. DISTT.DN.II, UDAIPUR

No.: 205 Date: 08.05.2026

Notice Inviting Bid No. 03/2026-27

NIB No.: PWD2627A0397

Bids for Atal Pragati Path 2026-27 work are invited from interested bidders upto 14.05.2026 11.00 AM to 25.05.2026 03.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal ("http://eproc.rajasthan.gov.in" and "http://sppp.rajasthan.gov.in") of the state, and department website. The approximate value of procurement of 1 No. is Rs. 145.00 Lacs.

1 UBN No.: PWD2627WSOB01873

(Anil Khichi) Executive Engineer, PWD Distt.Dn.II, Udaipur

DIPR/C/8248/2026

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-द्वितीय सवाई माधोपुर

क्रमांक : 154 दिनांकः 08-05-26

ई-निविदा सूचना संख्याः 03/2026-27 खण्ड-द्वितीय सवाई माधोपुर

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड कार्यालय के अधीन उपखण्डो में खण्ड कार्यालय के अधीन उपखण्डो में वार्षिक अनुबंध के आधार पर वीवीआईपी मूवमेंट कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के यथोचित श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट साईट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No. 1. PWD2627WSOB01865, 2. PWD2627WSOB01866, 3. PWD2627WSOB01867

अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड-द्वितीय सवाई माधोपुर

DIPR/C/8243/2026

कार्यालय नगरपरिषद, करौली (राज0)

फोन न.07464-294024, ई-मेल आईडी np.karauli@yahoo.com, website - WWW.npkarauli.in

क्रमांक : 845 दिनांक : 05.05.2026

ई-निविदा सूचना

सर्वसाधारण एवं उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता हैं कि नगरपरिषद करौली परिषद क्षेत्र निम्न कार्य कराना चाहती है। जिस हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई-टैण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विवरण व शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in & www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

कार्य का नाम	नगर परिषद क्षेत्र करौली में सीवर लाईन सफाई का कार्य (वार्षिक अनुबंध)
निविदा की अनुमानित लागत	17.97 लाख
धरोहर राशि	प्रत्येक कार्य हेतु अनुमानित लागत की 2 प्रतिशत
ऑनलाईन निविदा फॉर्म मिलने / डाउनलोड की तारीख	08.05.2026 समय 5:00 पीएम से 23.05.2026 समय 6:00 पीएम तक
ऑनलाईन निविदा फॉर्म जमा कराने की अन्तिम तिथि	23.05.2026 समय 6:00 पीएम तक
भौतिक रूप से निविदा शुल्क व दस्तावेज जमा कराने की अंतिम तिथि	25.05.2026 समय 2:00 पीएम तक
ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल प्राप्त निविदा खोलने की तिथि	26.05.2026 समय 3:30 पीएम
निविदा शुल्क	प्रत्येक कार्य हेतु 1000 / - रूपयें
निविदा प्रोसेसिंग शुल्क	प्रत्येक कार्य हेतु 500 / -रूपये
निविदा प्रपत्र व शर्ते डाउनलोडिंग बेबसाईट	eproc.rajasthan.gov.in
UBN. -	DLB2627SLRC04162

आयुक्त नगरपरिषद, करौली

राज.संवाद / सी / 26 / 2619

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवम् स्वास्थ्य, अजमेर

राजस्थान सरकार

मृदंग सिनेमा के सामने, श्रीनगर रोड डिस्पेन्सरी के पास, पाल बीचला, अजमेर

दूरभाष नं. : 0145-2424944, ई-मेलः eemhajmer@ymail.com

क्रमांकः ई0 ई0 / अजमेर/26-27/230 दिनांकः 07/05/2026

निविदा सूचना संख्याः 05/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के राशि 221.21 लाख के छः (6) कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट विवरण www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

1. NRH2627WSOB00183, 2. NRH2627WSOB00184, 3. NRH2627WSOB00185, 4. NRH2627WSOB00186, 5. NRH2627WSOB00187, 6. NRH2627WSOB00188

अधिशाषी अभियन्ता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, अजमेर

DIPR/C/8232/2026

कार्यालय नगर पालिका सुल्तानपुर जिला कोटा (राज.)

E-mail id - npsultanpur01@gmail.com Ph.No. 07455-294166

क्रमांकः-नपासु0 / विकास / 2025-26 / 365-66 दिनांकः07.05.2026

ई-निविदा सूचना.../2025-26

इस कार्यालय की निविदा सूचना संख्या 88 दिनांक 13.04.2026 के द्वारा कुल 1 कार्य की अनुमानित लागत 45.47 लाख की जाती है । नगर पालिका सुल्तानपुर की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु नियमानुसार डीएलबी में सक्षम श्रेणी एवं अन्य विभागों में A, AA श्रेणी में राज्य सरकार / केन्द्र सरकार से पंजीकृत संवेदकों जो राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के सक्षम हो से ही ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित समस्त विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

Work No.	UBN No.
1	DLB2627WSOB04204

प्रशासक नगर पालिका सुल्तानपुर — अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सुल्तानपुर

राज.संवाद / सी / 26 / 2551

कार्यालय नगर परिषद्, सरदारशहर (जिला चुरू)

Ph. 01564-220681, 220030 Email: eonpsdr@gmail.com

क्रमांक :- न.प.स. / 2026-27 / 2627-28 दिनांक :- 08.05.2026

निविदा सूचना सं. 08, 09 वर्ष 2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की और से नगर परिषद् सरदारशहर द्वारा 04 कार्यो के लिए ई-निविदा सूचना संख्या 08 वर्ष 2026-27 व 01 कार्य के लिए निविदा सूचना संख्या 09 वर्ष 2026-27 आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्नानुसार है। विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in पर तथा कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद् सरदारशहर के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकता है।

S.No.	निविदा संख्या	NIB CODE	UBN CODE
01	ई-निविदा सूचना सं. 08 वर्ष 2026-27	DLB2627A1555	DLB2627WSOB04158 DLB2627WSOB04159 DLB2627WSOB04160 DLB2627WSOB04161
02	निविदा सूचना सं. 09 वर्ष 2026-27	DLB2627A1557	DLB2627WSOB04164

आयुक्त नगर परिषद् सरदारशहर

राज.संवाद / सी / 26 / 2622

राजस्थान सरकार

कार्यालय आबकारी आयुक्त, राजस्थान, उदयपुर

**मदिरा दुकानों के कल